**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 3569**
**सोमवार, 08 अगस्त, 2022/17 श्रावण, 1944 (शक)**

**नैशनल करियर सर्विस**

**3569. श्री के. षणमुग सुंदरमः**
**श्री धर्मेन्द्र कश्यपः**
**श्री जयंत सिन्हाः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) नैशनल करियर सर्विस (एनसीएस) स्कीम के तहत तमिलनाडु राज्य में कितने प्लेसमेंट संगठन पंजीकृत हैं और उक्त योजना के तहत राज्य में कितने नियोक्ताओं का पंजीकरण किया गया है;

(ख) एनसीएस योजना के तहत पोल्लाची निर्वाचन क्षेत्र में नौकरी की तलाश करने वाले कितने लोगों को पंजीकृत किया गया है और एनसीएस योजना को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं;

(ग) एनसीएस के तहत नौकरी की तलाश करने वाले राज्य-वार कितने लोगों को पंजीकृत किया गया है और एनसीएस के तहत पंजीकृत नौकरी की तलाश करने वाले कितने लोगों को नौकरी की पेशकश की गई है;

(घ) झारखण्ड में योजना के अंतर्गत नौकरी की तलाश करने वालों लोगों की जिला-वार संख्या कितनी है और उन्हें अब तक नौकरी के कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और एनसीएस के लक्ष्य और अब तक प्राप्त की गई प्रमुख उपलब्धियां क्या हैं और एनसीएस के तहत नौकरी की तलाश करने वालों को प्रशिक्षण और सहायता प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ङ) एनसीएस के लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं और इसे लागू करते समय सरकार को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा है; और

(च) पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य में एनसीएस पोर्टल के माध्यम से कुल कितने लोगों को नौकरियां दी गई हैं और पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य के कितने लोगों को सरकारी और निजी क्षेत्र में पोर्टल के माध्यम से नौकरी प्राप्त हुई है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

(क) से (च): राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना, सरकार द्वारा रोजगार की खोज एवं मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों पर जानकारी इत्यादि जैसी विभिन्न प्रकार की रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म [**www.ncs.gov.in]** के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है। एनसीएस परियोजना का उद्देश्य, रोजगार चाहने वालों और नियोक्ताओं को सीधी पहुंच प्रदान कराना, देश के अभिलाषी युवाओं को रोजगार के अच्छे अवसर तथा करियर विकास सहायता की सुविधा प्रदान करना है।

राष्ट्रीय करियर सेवा योजना के तहत तमिलनाडु राज्य में कोई प्लेसमेंट संगठन पंजीकृत नहीं है। दिनांक 31 जुलाई 2022 तक, तमिलनाडु राज्य से पंजीकृत नियोक्ताओं की कुल संख्या 23,256 है।

दिनांक 31 जुलाई 2022 तक, पोल्लाची निर्वाचन क्षेत्र सहित कोयंबटूर जिले में एनसीएस पोर्टल पर पंजीकृत रोजगार चाहने वालों की कुल संख्या 60,254 है।

एनसीएस पोर्टल पर पंजीकृत रोजगार चाहने वालों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा (अनुबंध-**I)** पर संलग्न है।

एनसीएस पोर्टल पर झारखंड राज्य से पंजीकृत नौकरी चाहने वालों की संख्या का जिला-वार ब्यौरा (अनुबंध- **II)** पर संलग्न है ।

एनसीएस योजना के तहत प्रदान की जाने वाली सेवाएं निःशुल्क और स्वैच्छिक हैं। रोजगार चाहने वालों और नियोक्ताओं सहित सभी हितधारकों को एनसीएस द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के अधिकतम उपयोग हेतु प्रोत्साहित करने के सभी प्रयास किए जाते हैं। इन सेवाओं के उपयोग को बढ़ावा देना इसका प्रमुख लक्ष्य है। एनसीएस पोर्टल की उपलब्धियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| **मापदंड** | **31 जुलाई, 2022 तक** |
|---|---:|
| रोजगार चाहने वाले पंजीकृत | 2,60,46,696 |
| नियोक्ता पंजीकृत | 1,94,790 |
| जुटाई गई नौकरी रिक्तियां | 1,03,56,179 |
| शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवार | 31,95,053 |

एनसीएस पोर्टल पर हायरिंग के अंतिम आंकड़ों की पुष्टि अनिवार्य नहीं है।

श्रम और रोजगार मंत्रालय ने डिजिटल कौशल प्रदान करके युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए एक संयुक्त डिजिटल कौशल कार्यक्रम - डिजी सक्षम शुरू किया है, जो तेजी से बढ़ रहे प्रौद्योगिकी संचालित युग में आवश्यक है। एनसीएस, अपने पंजीकृत रोजगार चाहने वालों को "सॉफ्ट स्किल्स" पर एक मुफ्त, स्व-चालित ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चला रहा है।

राष्ट्रीय करियर सेवा योजना को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न निजी रोजगार पोर्टलों, सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी), कौशल प्रदाताओं, औद्योगिक संघों आदि के साथ मिलकर के विभिन्न कदम उठाए गए हैं। इसके साथ-साथ एनसीएस गतिविधियों को, नियमित रूप से सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, स्टैंडियों, बैनर आदि के माध्यम से विज्ञापित किया जाता है।

इसके साथ-साथ बहुभाषी उपयोगकर्ता की सहायता के लिए, एनसीएस, 7 भाषाओं में कॉल सेंटर सेवाएं भी प्रदान करता है।

*****

**<u>अनुबंध– I</u>**

**लोक सभा के दिनांक 08.08.2022 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3569 के भाग (क) से (च) के उत्तर में संदर्भित गया विवरण**

**एनसीएस पोर्टल पर पंजीकृत रोजगार चाहने वालों की राज्य-वार संख्या।**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार | पंजीकृत रोजगार चाहने वालों की संख्या 31 जुलाई, 2022 तक |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 49,093 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 5,62,095 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 53,043 |
| 4 | असम | 13,10,741 |
| 5 | बिहार | 18,59,420 |
| 6 | चंडीगढ़ | 39,825 |
| 7 | छत्तीसगढ | 2,67,504 |
| 8 | दादरा एवं नगर हवेली और दमन और दीव | 4,736 |
| 9 | दिल्ली | 3,67,729 |
| 10 | गोवा | 95,880 |
| 11 | गुजरात | 5,30,182 |
| 12 | हरियाणा | 3,89,044 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 4,54,437 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 2,26,780 |
| 15 | झारखंड | 9,97,169 |
| 16 | कर्नाटक | 5,13,871 |
| 17 | केरल | 3,14,768 |
| 18 | लद्दाख | 4,496 |
| 19 | लक्षद्वीप | 6,099 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 13,03,360 |
| 21 | महाराष्ट्र | 53,43,186 |
| 22 | मणिपुर | 62,749 |
| 23 | मेघालय | 28,604 |
| 24 | मिजोरम | 18,233 |
| 25 | नागालैंड | 28,664 |
| 26 | ओड़िशा | 3,75,787 |
| 27 | पुदुचेरी | 1,26,699 |
| 28 | पंजाब | 8,00,469 |
| 29 | राजस्थान | 14,45,599 |
| 30 | सिक्किम | 8,504 |
| 31 | तमिलनाडु | 9,26,286 |
| 32 | तेलंगाना | 5,97,610 |
| 33 | त्रिपुरा | 3,31,065 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 25,97,176 |
| 35 | उत्तराखंड | 2,43,084 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 29,72,464 |
| 37 | राज्य निर्दिष्ट नहीं | 7,90,245 |
| | **योग** | **2,60,46,696** |

**<u>अनुबंध– II</u>**

**लोक सभा के दिनांक 08.08.2022 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3569 के भाग (क) से (च) के उत्तर में संदर्भित गया विवरण**

**एनसीएस पोर्टल पर झारखंड राज्य से पंजीकृत रोजगार चाहने वालों की जिला-वार संख्या।**

| क्र.सं. | जिले का नाम | पंजीकृत रोजगार चाहने वालों की कुल संख्या 31 जुलाई, 2022 तक |
|---|---|---|
| 1 | रांची | 1,33,217 |
| 2 | पूर्वी सिंहभूमि | 1,12,028 |
| 3 | धनबाद | 77,607 |
| 4 | बोकारो | 68,311 |
| 5 | पलामू | 63,366 |
| 6 | देवघर | 63,163 |
| 7 | गिरिडीह | 54,590 |
| 8 | गढ़वा | 50,934 |
| 9 | हजारीबाग | 42,103 |
| 10 | सरायकेला-खरसावाँ | 39,119 |
| 11 | दुमका | 36,619 |
| 12 | पश्चिमी सिंहभूम | 27,169 |
| 13 | रामगढ़ | 26,462 |
| 14 | गोड्डा | 25,505 |
| 15 | गुमला | 25,055 |
| 16 | लोहरदगा | 22,319 |
| 17 | जामताड़ा | 22,126 |
| 18 | कोडरमा | 20,037 |
| 19 | साहिबगंज | 19,962 |
| 20 | छत्र | 16,919 |
| 21 | लातेहार | 16,177 |
| 22 | खुंटी | 14,885 |
| 23 | पाकुर | 11,478 |
| 24 | सिमडेगा | 7,326 |
| **सकल योग** | | **9,96,477** |